केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो० 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो० 9336715406
8400925463

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 268 गुरूवार 23 अप्रैल 2026 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### कुआनों नदी से हटाया जर्जर पुल का मलबा



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और नगरपालिका के संयुक्त कुआनो संरक्षण अभियान को बड़ी सफलता मिली है। अमहट क्षेत्र में वर्षों से जर्जर पड़े पुल का मलबा हटा दिया गया है, जिससे कूआनो नदी का बाधित प्रवाह अब सुचारु हो गया है।

इस अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने कुआनो नदी से जलकुंभी, प्लास्टिक, पॉलिथीन और अन्य कचरा हटाने के लिए लगातार श्रमदान किया। कई स्थानों पर अवरुद्ध जलधारा को बहाल किया गया और नदी तटों की सफाई कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इस कार्य में स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

एबीवीपी ने अमहट स्थित जर्जर पुल को हटाने के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था और समयबद्ध कार्रवाई की मांग की थी। परिषद के प्रयासों और जनसमर्थन के दबाव के बाद प्रशासन ने पहले पुल को ध्वस्त किया और अब उसका मलबा हटाकर नदी के प्राकृतिक प्रवाह को पूरी तरह बहाल कर दिया है।

परिषद के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि को जनसहयोग, युवा शक्ति और प्रशासनिक समन्वय का परिणाम बताया। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताते हुए आमजन से नदी को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत: पत्नी घायल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बस्ती–बांसी मार्ग पर बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक बुजुर्ग की मृत्यु हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह दुर्घटना रुधौली थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा पेट्रोल पंप के पास हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।जानकारी के मुताबिक, विशुनपुरवा निवासी 70 वर्षीय मौलाना अली हुसैन अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से कहीं जा रहे थे। पेट्रोल पंप से कुछ आगे बढ़ते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मौलाना अली हुसैन की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनकी पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### मंद बुद्धि युवक लापता



–भारतीय बस्ती संवाददाता–


बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के कमरिया, कुसौरा बाजार निवासी रामलखन का मंदबुद्धि बेटा लगभग 26 वर्षीय अमन कुमार 14 अप्रैल शाम 4 बजे बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती के मेले से कहीं चला गया है।

पिता रामलखन ने थाने पर तहरीर देने के साथ ही आग्रह किया है कि यदि किसी को उसके बारे में पता चले तो मोबाइल नम्बर 9838970635 पर सूचना देकर सहयोग करें। वह काले रंग का शर्ट और नीले कलर का जींस पहने हुए था।

# भारत आ रहे जहाज को ईरान ने जब्त किया, होर्मुज में तनाव बढ़ा

**तेहरान (आभा)।** ईरान ने होर्मुज के रास्ते भारत आ रहे जहाज को जब्त कर लिया है। ईरानी सेना ने कुल दो जहाजों पर कार्रवाई की है। इन्हें वापस ईरान ले जाया गया है। ईरान इससे पहले भी भारतीय जहाजों पर हमला कर चुका है। होर्मुज के रास्ते भारत आ रहे जहाज को ईरान ने जब्त कर लिया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कुल दो जहाजों को जब्त किया है। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया, होर्मुज को पार करने की कोशिश कर रहे दो जहाजों को कथित तौर पर ईरान के आईआरजीसी ने जब्त कर लिया है और उन्हें ईरान ले जाया गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गार्ड्स ने एक बयान में कहा, 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट में दो नियम तोड़ने वाले जहाजों की पहचान की और उन्हें रोक लिया। ईरान के इस ऐक्शन से होर्मुज और मिडिल ईस्ट में एक बार फिर से तनाव बढ़ गया है।

बुधवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने जिन दो जहाजों पर हमला करके उन्हें जब्त किया, उनमें से एक जहाज गुजरात आ रहा एक मालवाहक जहाज था। ईरान ने दोनों जहाजों पर नेविगेशन सिस्टम में हेरफेर करने और होर्मुज में सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान



ब्रॉडकास्टिंग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ये दोनों जहाज– जिनकी पहचान MSC&FRANCESCA vkSj EPAMINODEके रूप में हुई है, इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरते समय कथित तौर पर नियमों के उल्लंघन में शामिल थे।

इससे पहले, बुधवार को होर्मुज में कुल तीन कंटेनर जहाजों पर ईरान द्वारा हमले की बात सामने आई थी। न्ज्ञ मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (न्ज्ञडज्व्) ने बताया कि ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (प्त्ळब्) की एक गनबोट ने ओमान से लगभग 15 नॉटिकल मील उत्तर–पूर्व में एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी की। यूनानी कंपनी के स्वामित्व वाले इस जहाज एपामिनोंडास के ब्रिज को काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि, क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से, मिडिल ईस्ट में जहाजों पर 30 से ज्यादा हमले हो चुके हैं।

ईरान ने दूसरा हमला पनामा का झंडा लगा यूफोरिया जहाज पर किया। यह UAE की एक कंपनी का जहाज था। बताया गया है कि इस पर ईरान से लगभग आठ नॉटिकल मील पश्चिम में हमला किया गया। UKMTO ने बताया कि जहाज का क्रू सुरक्षित रहा और जहाज को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वहीं, तीसरा हमला पनामा का झंडा लगे MSC Francesca पर हुआ। यह ईरान के तट से लगभग छह नॉटिकल मील दूर था, जब इसे निशाना बनाया गया। यह जहाज हमले के समय होर्मुज से दक्षिण की ओर ओमान की खाड़ी में जा रहा था। समुद्री खुफिया फर्म टंदहनंतक के अनुसार, जहाज ने बाहरी ढांचे और रहने की जगहों में नुकसान होने की सूचना दी है। होर्मुज में ईरानी गनबोट्स ने भारत का झंडा लगे दो जहाजों पर गोलीबारी की थी। सूत्रों के अनुसार, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और जहाजों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि, ओमान के उत्तर–पूर्व में, तेल व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण शिपिंग लेन में हुई इस घटना के बाद, दोनों जहाजों को वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद नई दिल्ली ने ईरानी राजदूत को तलब किया और गोलीबारी की इस घटना पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया।

## शादी से 6 दिन पहले युवक की मौत:पेड़ से लटका मिला शव

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शादी से 6 दिन पहले ही दूल्हे की मौत हो गई। उसका शव घर से आधा किलोमीटर दूर खेत किनारे पेड़ से लटका मिला। युवक के दोनों घुटने जमीन को छू रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक के पैरों के पास खून के छींटे बरामद हुए। चेक करने पर प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोटों के निशान मिले। पुलिस ने पाया कि जिस फंदे से युवक का शव लटक रहा था, वह किसी महिला का दुपट्घ्टा था।

फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत इकट्ठा किए हैं। परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया– युवक देर शाम घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। तभी से लापता था। घटना जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर परशुरामपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव की है।

परशुरामपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी स्व. बजरंग सिंह के बेटे महेश सिंह (24) की शादी नवाबगंज के सीरसासलन्तीपुरवा गांव निवासी परसराम सिंह की बेटी रोहिणी सिंह से तय हुई थी। 28 अप्रैल को बारात जाने वाली थी। शादी को लेकर घर में तैयारियां चल रही थीं। घर में टेंट बंध चुका था।

चचेरे भाई राजकुमार ने बताया– महेश कल रात 8 बजे बाजार घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो हमने उसके मोबाइल पर कॉल किया, पर नंबर लगातार स्विच ऑफ बताता रहा। हम लोगों ने रात भर खोजबीन की, पर कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह करीब 7 बजे गांव के कुछ लोग खेत की ओर शौच के लिए गए हुए थे, तभी उन्होंने शहतूत के पेड़ से महेश का शव लटकते देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से



महेश सिंह, मृतक

नीचे उतरवाया।

राजकुमार का कहना है– मेरे भाई की हत्या की गई है, इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को यहां लाकर पेड़ से लटका दिया गया है। मारने से पहले उसे बुरी तरह पीटा गया है। पैरों के नीचे खून के छींटे मिले हैं। पुलिस ने हमारे कहने पर चेक किया तो प्राइवेट पार्ट पर भी चोटों के गंभीर निशान मिले हैं।

शरीर के कई अन्य हिस्सों पर भी चोटों का निशान है। इसके अलावा जिस फंदे से वह लटक रहा था, वो किसी महिला का दुपट्घ्टा था। महेश का मोबाइल फोन भी गायब है। हमारी मांग है कि हत्यारे को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए।

महेश तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और मजदूरी के साथ ट्रक ड्राइवर का काम करते थे। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन घटना से परिवार में मातम छा गया। चचेरे भाई राजकुमार ने कहा– महेश की हत्या कर पेड़ को फंदे से लटकाया गया है।

परशुरामपुर थाना प्रभारी विश्वमोहन राय ने बताया– युवक का पेड़ से लटकता हुआ शव मिला है। शरीर पर चोट के निशान हैं। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। प्रथम दृष्टया सुसाइड की आशंका है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकेगी कि हत्या है या आत्महत्या। मामले की जांच जारी है।

## नर्सरी में मिला नवजात का शव

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । दुबौलिया थाना क्षेत्र में सिरसिया स्कूल के पास स्थित एक नर्सरी में मंगलवार भोर में एक नवजात शिशु का शव मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह टहलने निकले कुछ लोगों ने नर्सरी के अंदर संदिग्ध अवस्था में पड़े शिशु को देखा। पास जाकर पुष्टि हुई कि शिशु मृत है, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवजात का शव भोर के समय ही यहां लाकर फेंका गया प्रतीत होता है। घटना को लेकर क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सूचना



मिलते ही दुबौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई।

पुलिस ने संभावित साक्ष्यों को संकलित किया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके।

# नहीं मिल रहा है घरेलू गैस, लोग परेशान डीजल, पेट्रोल के लिये लम्बी कतारें

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जनपद में अमेरिका, इरान, इजराइल युद्ध का असर अब साफ–साफ दिखने लगा है। सरकार और अधिकारियों के दावों के बावजूद घरेलू गैस के लिये लोग हफ्तों चक्कर लगाने को मजबूर है। वहीं अनेक पेट्रोल पम्प ड्राई होने के कारण जैसे ही किसी पम्प पर डीजल, पेट्रोल पहुंचता है लम्बी कतारे लग जाती हैं।

जनपद में रसोई गैस की किल्लत लगातार बनी हुई है। बुकिंग के 10–12 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। रत्नाकर गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा, जब तेज धूप में घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

सुबह से ही एजेंसी परिसर के



बाहर महिला–पुरुषों की लंबी कतारें लग गईं। चिलचिलाती धूप में लोग अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन धीमी वितरण व्यवस्था ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी। कई महिलाएं छोटे बच्चों के साथ लाइन में खड़ी थीं, जिनकी हालत गर्मी के कारण बिगड़ती दिखी।

उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुकिंग के बाद 10 से 12 दिन बीत जाने पर भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है। इस मजबूरी में उन्हें एजेंसी पर आकर लाइन लगानी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि एजेंसी पर पीने के पानी और छाया की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

एक उपभोक्ता ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा, 'हम सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया है। घर में गैस खत्म हो चुकी है, जिससे खाना बनाने में मुश्किल हो रही है।' अन्य उपभोक्ताओं ने भी वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और ,खराब है।

## पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम सम्बोधन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली (आभा)।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद टीएन प्रतापन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 अप्रैल को दूरदर्शन पर राष्ट्र के नाम संबोधन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में इस संबोधन को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद टीएन प्रतापन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 अप्रैल को दूरदर्शन पर राष्ट्र के नाम संबोधन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में इस संबोधन को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते



हुए कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल की रात करीब 8रू30 बजे दूरदर्शन और संसद टीवी पर राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। यह संबोधन नारी शक्ति वंदन विधेयक (महिला आरक्षण संशोधन विधेयक) से जुड़े राजनीतिक घटनाक्रमों के ठीक बाद आया था। भाषण के दौरान प्रधानमंत्री ने नाम लेकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (ज्डब), द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (क्डज्ञ) और समाजवादी पार्टी समेत कई विपक्षी दलों की आलोचना की तथा उन्हें महिला आरक्षण के विरोधी बताते हुए मतदाताओं से जवाबदेही ठहराने की अपील की।

याचिकाकर्ता टीएन प्रतापन का आरोप है कि सक्रिय चुनाव अवधि के दौरान सरकारी नियंत्रण वाले दूरदर्शन और संसद टीवी का इस्तेमाल विपक्षी दलों की आलोचना के लिए किया गया, जो आदर्श आचार संहिता का साफ उल्लंघन है।

## आवास योजना–ग्रामीण का दायरा बढ़ा

**लखनऊ (आभा)।** प्रदेश की योगी सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का दायरा बढ़ाते हुए भोटिया, जौनसारी और गोंड समेत सभी शेष अनुसूचित जनजातियों को पक्के घर देने का फैसला किया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसका ऐलान किया है। वहीं दूसरी ओर सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश बीज निगम विभाग कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का तोहफा देने का फैसला किया है। निगम की इस सुदृढ़ वित्तीय स्थिति और कर्मियों के समर्पण को देखते हुए ही सातवें



वेतनमान की फाइल को स्वीकृति प्रदान की गई है।

सीएम योगी ने यूपी बीज निगम कार्मिकों को बड़ा तोहफा दिया है। यूपी सरकार ने इन कर्मचारियों को सातवें वेतनमान दिए जाने का निर्णय लिया है। एक निगम होने के कारण अभी तक इन कर्मियों को सरकारी विभागों की तरह वेतन का यह लाभ प्राप्त नहीं हो सका था। मुख्यमंत्री के इस फैसले से निगम के कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

बतादें कि लंबे समय बाद अब बीज निगम के कर्मियों को दूसरे कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में सुधार हुआ है। निगम वित्तीय वर्ष 2017–18 के बाद से, विशेषकर वित्तीय वर्ष 2019–20 से निरंतर लाभ अर्जित कर रहा है।

# जनगणना में शिक्षकों की डियूटी को लेकर सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में पदाधिकारियों और शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जनगणना में आ रही व्यवहारिक कठिनाईयों के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सम्बोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जनगणना 2027 में शिक्षकों की ड्यिूटी लगायी गयी है जिसमें अनेक कठिनाइयां उत्पन्न हो गयी है, अनेकों प्रधानाध्यापक , इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं ए०आर०पी० की ड्यिूटी लगायी गयी है, जिससे शासन द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनायें प्रभावित हो रही हैं, उन्हें ड्यिूटी से मुक्त रखा जाय। पति, पत्नी के रूप में कार्यरत दोनों की शिक्षकों की डियूटी लग गयी है, जिससे बच्चों की देखभाल संभव नहीं है, ऐसे में किसी एक को डियूटी से मुक्त रखा जाय, जनगणना 2027 के प्रशिक्षण में एचएलओ एप



लोड कराया जा रहा है, पुरानी मोबाइल होने के कारण एप लोड नहीं हो पा रहा है। कहा जा रहा है कि नया मोबाइल खरीदकर एप लोड कीजिए, अनेक गर्भवती एवं प्रसूति अवकाश वाली शिक्षिकाओं की ड्यिूटी लगी है. उनको मुक्त रखा जाय, जनगणना कार्य के प्रतिकर अवकाश स्वीकृति किया जाय जिससे जनगणना 2027 में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सकें।

ज्ञापन देने के बाद संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि बीएसए ने अतिशीघ्र प्रभावी कदम उठाये जाने का आश्वासन दिया है।

यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रतिनिधिमण्डल में मुख्य रूप से जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द दूबे, अभिषेक उपाध्याय, शैल शुक्ल, रीता शुक्ला, पटेश्वरी प्रसाद निषाद, रजनीश मिश्र, ओम प्रकाश पाण्डेय, अमित पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, मंजेश राजभर, शिवाकान्त पाण्डेय, रवि प्रताप सिंह, दिग्विजयनाथ यादव, मारूफ खान आदि शामिल रहे।

# ब्राम्हणों का अकारण उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: मेधा ने भेजा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। गुरूवार को मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि अयोध्या जनपद के बीकापुर कोतवाली थाना क्षेत्र के बेनीपुर खिदिरपुर गांव में शेषमणि तिवारी, करुणा शंकर तिवारी, विजय शंकर तिवारी, मुन्ना तिवारी, रोहित तिवारी उर्फ अनूप तिवारी, परमानंद तिवारी उर्फ प्रशांत तिवारी, दयानंद तिवारी, हरिशंकर, विनीत तिवारी को हिंसा, आगजनी के कथित मामले में एससीएसटी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किये जाने के बाद ब्राम्हणों का अकारण उत्पीड़न बंद किया जाय।

ज्ञापन देने के बाद मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल तिवारी ने मांग किया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर निर्दोषों का उत्पीड़न बंद किया जाय और किसी घटना को जाति, धर्म के नाम पर निर्धारण न किया जाय।

उन्होने बताया कि अयोध्या जनपद के कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर खिदिरपुर में 14 अप्रैल की आधीरात अंबेडकर जयंती के दिन हुई आगजनी में दलित बस्ती के तीन परिवारों के आवासीय छप्पर और घर का सामान जल गया था, जिसके बाद दो वर्गों में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। पुलिस ने गांव के 11 लोगों के विरुद्ध आगजनी और दलित एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। अग्नि पीड़ित मनीराम ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया है कि आंबेडकर जयंती समारोह के बाद रात करीब एक बजे उनके छप्पर में आग लग गई।



प्रशासन ने बिना तथ्यों की जांच किये खिदिरपुर गांव में शेषमणि तिवारी सहित 10 लोगों के विरूद्ध एससीएसटी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। श्री तिवारी ने मांग किया कि समूचे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर निर्दोषों को न्याय दिलाया जाय। केवल ब्राम्हण के नाम पर उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शीघ्र न्याय न मिला तो मेधा आन्दोलन को बाध्य होगी।

ज्ञापन देने वालों में उमेश पाण्डेय 'मुन्ना', रामरीका पाण्डेय, प्रतीक मिश्र, गिरीश चन्द्र गिरी, विपुल सिंह, दीपक सिंह आदि शामिल रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 23 अपैल 2026 गुरूवार

## सम्पादकीय

# आर्थिक मंदी का खतरा

अब ऐसे आंकड़े सामने आने लगे हैं, जिनसे पता चलने लगा है कि पश्चिम एशिया में आए संकट की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी छाने लगी है। इनमें से सबसे ताजा आंकड़ा आठ प्रमुख उद्योगों का सूचकांक है। जंग शुरू होने के बाद के पहले महीने, मार्च के आंकड़ों से पता चलता है कि इन आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में पिछले साल के मार्च के स्तर की तुलना में 0.4 फीसदी की गिरावट आई है। यह पिछले 19 महीनों का सबसे खराब प्रदर्शन है, लेकिन इसकी आशंका थी। इस संघर्ष के चलते आपूर्ति में बाधा, ईंधन की कमी और सामान्य रूप से सुस्त आर्थिक माहौल का अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय था। खासकर, भारत की आयात पर निर्भरता के मद्देनजर। मार्च महीने के निजी क्षेत्र के मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई ने भी काफी मंदी का खुलासा किया। नए ऑर्डरों में कमी को इसका कारण बताया गया। फिर भी, प्रमुख क्षेत्र के आंकड़े चिंताजनक स्थिति पैदा करते हैं। इन आठ क्षेत्रों में से चार में सिकुड़न आई, एक में कोई बदलाव नहीं आया और दो क्षेत्रों में तीव्र मंदी देखी गई। गौरतलब है कि सबसे खराब प्रदर्शन उर्वरक क्षेत्र का रहा। प्राकृतिक गैस के आयात पर लगी पाबंदियों के मद्देनजर यह भी अपेक्षित था। जहां एक तरफ घरेलू प्राकृतिक गैस क्षेत्र में अपेक्षाकृत 6.4 फीसदी की मजबूत वृद्धि हुई, वहीं उर्वरक क्षेत्र में मार्च 2026 में 24.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके गंभीर नतीजे होंगे। कृषि क्षेत्र के लिए यह साल पहले ही बहुत मुश्किल रहने वाला है, क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल अल नीनो के प्रभाव से सामान्य से कम मानसून की भविष्यवाणी की है। खराब पैदावार का सीधा असर ग्रामीण मांग पर पड़ेगा, जो पहले से ही काफी खस्ताहाल है। इस्पात और सीमेंट उत्पादन में आई तेज गिरावट से भी यह पता चलता है कि निर्माण गतिविधियों पर भी असर पड़ा है क्योंकि कंपनियों ने नए निवेश रोक दिए हैं। इन सभी कारणों के साथ—साथ कोयला, कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और बिजली के क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन ने समग्र सूचकांक को 2025—26 में कोविड—19 महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव के बाद से सबसे कम सालाना वृद्धि स्तर पर पहुंचा दिया।

आजादी के बाद से भारत को प्रमुख रूप से दो बार आर्थिक मंदी से झटका लगा है. यह साल थे साल 1991 और 2008. साल 1991 में आई आर्थिक मंदी के पीछे आंतरिक कारण थे. लेकिन 2008 में वैश्विक मंदी के चलते भारत की अर्थव्यवस्था पर आंच आई थी. 1991 में भारत के आर्थिक संकट में फंसने की सबसे बड़ी वजह भुगतान संकट था. इस दौरान आयात में भारी कमी आई थी, जिससे देश दोतरफा घाटे में था।

हालिया मंदी के पीछे के ज्यादातर कारक बाहरी हैं। हालांकि अगर ये रुझान जारी रहे, तो वे भारत की आर्थिक अनुकूल परिस्थितियों को गंभीर प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल देंगे। नरेन्द्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में कम मुद्रास्फीति और उच्च विदेशी निवेश देखने को मिला था। घरेलू राजनीतिक माहौल इस कदर अनुकूल था कि मतदाताओं ने नोटबंदी जैसी विनाशकारी नीतिगत गलतियों को भी माफ कर दिया। महामारी और चीन से बाकी दुनिया की दूरी ने भी दूसरे कार्यकाल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत को लाभ पहुंचाया। तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में, ईरान युद्ध से पहले, तेल की कम कीमतों ने मुद्रास्फीति को कम बनाए रखने में मदद की। फिर भी, ऐसे संकेत उभरने लगे थे कि डोनाल्ड ट्रम्प के साथ भारत के व्यापारिक तनाव से भयभीत विदेशी निवेशक भारत में निवेश करने से कतरा रहे हैं। अब ईरान युद्ध ने यह साफ कर दिया है कि भारत वैश्विक परिस्थितियों का दास है। मुद्रास्फीति एक बार फिर सिर उठा रही है। इसके साथ ही, परिवारों की वास्तविक आय में आए निरंतर ठहराव का मतलब है कि सरकार को भारत की 'उज्ज्वल छवि' को बहाल करने के लिए बहुत ही ज्यादा मेहनत करनी होगी।

# किसानों के सामने मानसून का जोखिम



—जयन्तीलाल भण्डारी—



भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान पिछले 26 वर्षों में मानसून का सबसे कम शुरुआती अनुमान है। इससे देश में कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है।

हाल ही में विश्व बैंक ने कहा है कि वर्ष 2026 में कमजोर मानसून से भारत में कृषि की पैदावार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी की चुनौती होगी। भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान पिछले 26 वर्षों में मानसून का सबसे कम शुरुआती अनुमान है। इससे देश में कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बारिश के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 92 प्रतिशत रहने की संभावना बताई है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी अधिक या कम की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है। स्काईमेट की रिपोर्ट के अनुसार देश में 75 प्रतिशत वर्षा पर आधारित मॉनसून सीजन में 5 प्रतिशत कम—ज्यादा के साथ 94 प्रतिशत वर्षा हो सकती है।

पिछले आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मॉनसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव लगभग समान रहा तब खरीफ के उत्पादन में अधिक कमी नहीं हुई किन्तु गैर—सिंचित क्षेत्रों में उगाई जाने वाली दलहन—तिलहन फसलों के लिए जोखिम हो सकती है। पश्चिम एशिया संघर्ष से महंगे उर्वरक, महंगे तेल और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से खेती की लागत बढ़ी है, तब कमजोर मानसून से न केवल कृषि, वरन अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर हो सकता है। पेयजल समस्या बढ़ सकती है।

नीति आयोग के मुताबिक देश के कुल फसल रकबे का केवल 55 फीसदी सिंचित है और 45 प्रतिशत खेती मॉनसून पर निर्भर है। सीडब्ल्यूएमआई के अनुसार, लगभग 74 प्रतिशत गेहूं और 65 प्रतिशत चावल की खेती वाले क्षेत्र पहले से ही भारी जल—संकट का सामना कर रहे हैं। व्यावसायिक फसलों और औद्योगिकीकरण की ओर बढ़ते रुझान से भारत में मॉनसून की वर्षा पर निर्भरता बढ़ी है। अब अल—नीनो के खतरे और कमजोर मॉनसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग देश में कुल 183.565 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) क्षमता वाले 166 प्रमुख जलाशयों के भंडारण पर नजर रखता है। इस समय इन जलाशयों में कुल क्षमता का 44.71 प्रतिशत है। हाल में इसमें तेजी से कमी आई है।

वर्ष 2024—25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। इस वर्ष 2025—26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी पिछले वर्ष के 328.04 लाख हेक्टेयर की तुलना में बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है। ये एक और अच्छी फसल की संभावना का संकेत देता है। एफसीआई के पास केंद्रीय पूल में एक अप्रैल 2026 को लगभग गेहूं और चावल का 600 लाख टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रकाशित निर्यात आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025—26 में भारत ने 55 अरब डॉलर मूल्य का कृषि निर्यात किया है और भारत दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कृषि निर्यातक है। कृषि निर्यात के लिए देश के कृषि निर्यात परिदृश्य पर यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात चार गुना, फलों और दालों का निर्यात तीन गुना, खाद्यान्न का निर्यात दो गुना और चावल के निर्यात में करीब 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।


भारत सरकार ने घरेलू बाजारों को स्थिर करने और उत्पादकों को लाभकारी प्रतिफल सुनिश्चित करने के लिए एक निर्णायक और किसान—केंद्रित कदम उठाते हुए 50 लाख मीट्रिक टन गेहूं और अतिरिक्त 10 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादों के निर्यात को मंजूरी दे दी है। लेकिन कमजोर मानसून के चलते आगामी निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए सजगता रखी जाए। देश ने देखा है कि वर्ष 2021—22 में 70 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात किया था, लेकिन वर्ष 2024 में गेहूं का आयात करना पड़ा। निस्संदेह, कम बारिश से जलाशयों में पानी का स्तर गिरने से सिंचाई और पीने के पानी की उपलब्धता प्रभावित होगी, ऐसे में अभी से जल संरक्षण के प्रयास शुरू होने चाहिए। इस समय जो खुदरा महंगाई दर 3.40 प्रतिशत है, उसके बढ़ने की आशंका होगी। अतएव मूल्यों की रोकथाम की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

भारत को फसल विविधीकरण और खेती में आधुनिक तकनीक के एकीकरण के साथ आगे बढ़ना होगा। सिंचाई व्यवस्था की नई नीति तैयार करना लाभप्रद होगी। अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में वर्ष 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाना होगा।

लेखक अर्थशास्त्री हैं।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ताः सुविधा या संकट

—ललित गर्ग —



मानव सभ्यता के विकास का इतिहास यदि देखा जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हर नई तकनीक अपने साथ संभावनाओं और संकटों का एक द्वंद्व लेकर आती है। आज का समय भी इसी द्वंद्व से गुजर रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के रूप में विकसित हो रही नवीन तकनीक ने जीवन को सरल, तीव्र और सुविधाजनक बनाया है, किंतु इसके साथ ही यह मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक संतुलन के लिए एक गंभीर चुनौती भी बनकर उभर रही है। समाज के चिंतकों, दार्शनिकों और आध्यात्मिक नेतृत्व ने समय—समय पर इस विषय पर चिंता व्यक्त की है और हाल ही में पोप लियो 14 द्वारा व्यक्त आशंकाओं ने इस चिंता को वैश्विक विमर्श का केंद्र बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इस तकनीक का उपयोग नैतिक मर्यादाओं से परे जाकर किया गया, तो यह विश्व में विभाजन, भय, हिंसा और संघर्ष को बढ़ावा दे सकती है। यह चेतावनी केवल एक धार्मिक नेता की भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि यह उस गहरी चिंता का संकेत है जो आज पूरी मानवता के भीतर कहीं न कहीं विद्यमान है। तकनीक अपने आप में न तो नैतिक होती है और न ही अनैतिक, किंतु उसका उपयोग उसे किसी भी दिशा में ले जा सकता है।

वर्तमान समय में यह देखा जा रहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग केवल रचनात्मक और सकारात्मक कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है। इसके माध्यम से झूठी सूचनाओं का निर्माण, नकली चित्रों और ध्वनियों का सृजन तथा जनमत को प्रभावित करने के प्रयास तेजी से बढ़े हैं। चुनावी प्रक्रियाओं में इसका उपयोग लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकता है। जब कोई मतदाता यह समझ ही नहीं पाता कि जो वह देख रहा है या सुन रहा है वह सत्य है या निर्मित भ्रम, तब उसकी निर्णय क्षमता प्रभावित होती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को कमजोर करती है। आज सोशल माध्यमों पर ऐसी अनेक घटनाएं सामने आती हैं, जहाँ किसी व्यक्ति को नरेंद्र मोदी जैसे बड़े नेताओं के साथ दिखाया जाता है, जबकि वास्तविकता में ऐसा कभी हुआ ही नहीं होता। यह केवल व्यक्तिगत भ्रम नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर विश्वास की संरचना को कमजोर करने वाला प्रवाह है। जब झूठ और सत्य के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समाज में संशय, अविश्वास और अस्थिरता का वातावरण बनता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक और चिंताजनक पक्ष है साइबर अपराधों में इसका बढ़ता उपयोग। आज अपराधी किसी व्यक्ति की आवाज की नकल करके उसके परिचितों को धोखा देने में सक्षम हो गए हैं। परिवार के सदस्य या अधिकारी बनकर धन की ठगी करना अब अत्यंत सरल हो गया है। इस प्रकार की घटनाओं ने अनेक लोगों की जीवन भर की कमाई को पल भर में समाप्त कर दिया है। यह केवल आर्थिक क्षति नहीं, बल्कि विश्वास और सुरक्षा की भावना पर गहरा आघात है। वित्तीय क्षेत्र में भी इस तकनीक का दुरुपयोग गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है। स्वचालित हमलों के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था की कमजोरियों का लाभ उठाया जा सकता है। यदि इस प्रकार के हमले व्यापक स्तर पर होते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत हानि तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी अस्थिर कर सकते हैं। यह स्थिति उस समय और भी गंभीर हो जाती है जब नियामक संस्थाएँ इन जटिल तकनीकों की गति और स्वरूप को समझने में पीछे रह जाती हैं।

पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह तकनीक पूरी तरह निर्दोष नहीं है। विशाल आंकड़ा केंद्रों की स्थापना, ऊर्जा की अत्यधिक खपत, तथा खनिज संसाधनों का दोहन—ये सभी प्रकृति पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं। कोबाल्ट और लिथियम जैसे खनिजों की बढ़ती मांग पर्यावरणीय असंतुलन और मानवीय शोषण दोनों को जन्म देती है। इस प्रकार यह तकनीक केवल सामाजिक या नैतिक ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय चुनौती भी बन रही है। इन सभी चिंताओं के बीच यह समझना आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नकारा नहीं जा सकता। यह आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है और चिकित्सा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन तथा उत्पादन के क्षेत्र में इसके योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता। समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के स्वरूप में है। यदि इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा जाए, तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकती है।

इसके लिए सबसे पहले आवश्यक है कि इसके विकास और उपयोग के लिए स्पष्ट और सशक्त नियम बनाए जाएं। सरकारों और संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तकनीक का उपयोग पारदर्शी, सुरक्षित और उत्तरदायी तरीके से हो। कंपनियों को अपने तंत्र में ऐसी व्यवस्थाएँ विकसित करनी चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक सामग्री की पहचान और नियंत्रण संभव हो सके। साथ ही नागरिकों की जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल साक्षरता के बिना कोई भी समाज इस चुनौती का सामना नहीं कर सकता। लोगों को यह समझना होगा कि जो कुछ वे देख या सुन रहे हैं, वह हमेशा सत्य नहीं हो सकता। सत्यापन की प्रवृत्ति को विकसित करना समय की आवश्यकता है। नैतिकता के स्तर पर यह भी आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले आंकड़े निष्पक्ष और उच्च गुणवत्ता वाले हों। यदि आधार ही पक्षपाती होगा, तो परिणाम भी पक्षपाती होंगे। इससे सामाजिक असमानता और भेदभाव को बढ़ावा मिल सकता है। इसलिए निष्पक्षता, पारदर्शिता, गोपनीयता और उत्तरदायित्व जैसे सिद्धांतों को इसके विकास का आधार बनाना होगा।

सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह ध्यान रखना आवश्यक है कि तकनीकी विकास हमारी परंपराओं और मूल्यों के साथ संतुलन बनाए रखे। हमारी सांस्कृतिक धरोहर का डिजिटलीकरण और संरक्षण इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, किंतु यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इसका उपयोग सम्मानपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। साररूप में यह कहा जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली साधन है, जो मानव जीवन को नई दिशा दे सकता है। किंतु यदि इसे नैतिकता से अलग कर दिया जाए, तो यह उसी गति से विनाश का कारण भी बन सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के विकास के साथ—साथ अपने नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करें। विज्ञान और मानवीय संवेदना के बीच संतुलन ही वह मार्ग है, जो हमें सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकता है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ग्रामीण भारत के सरकारी स्कूलों की दशा- दिशा

- भारत भूषण अड़जरिया -



**भारत के ग्रामीण समुदायों में अपार संभावनाएं हैं, जहां सीखने के लिए उत्सुक युवा और ज्ञान को महत्व देने वाली समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं मौजूद हैं। हालांकि, शिक्षा में व्याप्त असमानता लाखों बच्चों के लिए अवसरों को सीमित करने का खतरा पैदा करती है। इन सभी संभावनाओं के बीच एक कड़वी सच्चाई भी हैरू शिक्षा में लंबे समय से चली आ रही खाई। ग्रामीण छात्रों को अब भी पुरानी पाठ्यपुस्तकों, खराब बुनियादी ढांचे और योग्य शिक्षकों की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आप ग्रामीण भारत में शिक्षा संबंधी असमानताओं को कम करने के लिए कदम उठाकर बदलाव ला सकते हैं।**

**सामाजिक और व्यवस्थागत कारकों के मिश्रण के कारण ग्रामीण भारत की शिक्षा प्रणाली में गिरावट आ रही है। कई स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जैसे कि स्वच्छ शौचालय और पर्याप्त रोशनी। कक्षाएँ भी नीरस हैं। योग्य शिक्षकों की कमी इस समस्या को और बढ़ा देती है। रिक्त पदों का भरा न जाना और उच्च अनुपस्थिति दर आम बात है।**

